

मला : राजकीय महाविद्यालय संजौली में करियर काउंसलिंग गाइडैंस एवं प्लेसमैंट सैल द्वारा आयोजित कार्यशाला के पश्चात प्रधानाचार्य व शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राएं संयुक्त चित्र में।

पंजाब केसरी 20-08-25

पंजाब केसरी 20-08-25

# प्रतियोगी परीक्षा की जानकारी दी

शिमला, 19 अगस्त (ब्यूरो): सैंटर ऑफ एक्सीलैंस राजकीय महाविद्यालय संजौली के करियर काउंसलिंग गाइडैंस एवं प्लेसमैंट सैल द्वारा कौशल एवं रणनीतिया, करियर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डा. भारती भगाड़ा रहीं।

उन्होंने छात्रों को कॉलेज जीवन से ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संयोजक डा. मीनाक्षी शर्मा ने विद्यार्थियों को करियर संबंधी तैयारियों के लिए उत्साहित किया।

कार्यशाला में राजीव कुमार एवं दीपक बिजलवान ने बतौर रिसोर्सपर्सन भाग लिया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार तथा उनकी विभिन्न एजैंसियों द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी। इस कार्यशाला में लगभग 300 छात्रों ने भाग लिया।

# संजौली कॉलेज में करियर व प्रतियोगी परीक्षाओं पर कार्यशाला का आयोजन

शिमला। शिमला के संजौली कॉलेज में मंगलवार को करियर काउंसलिंग गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा कौशल एवं रणनीतियां करियर व प्रतियोगी परीक्षाओं के विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में करीब 300 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. भारती भगाड़ा बतौर मुख्यअतिथि उपस्थित हुईं। उन्होंने छात्रों को कॉलेज जीवन से ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान संयोजक डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने छात्रों को करियर संबंधी तैयारियों के लिए उत्साहित किया।

हि० दस्तक
20-08-25

दै० भास्कर 20-8-25

# संजौली में छात्रों को दिए प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने के टिप्स

**शिमला** | सेंटर ऑफ एक्सीलेंस संजौली के करियर काउंसिलिंग गाइडेंस व प्लेसमेंट सेल ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्यातिथि कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. भारती भागड़ा रहीं। उन्होंने छात्रों को कॉलेज जीवन से ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने विद्यार्थियों को करियर संबंधी तैयारियों के लिए उत्साहित किया। रिसोर्स पर्सन राजीव कुमार ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न, तैयारी की रणनीतियां और पाठ्य सामग्री के स्त्रोतों पर विशेष रूप से चर्चा की। इस कार्यशाला का संचालन डॉ. गिरीश कपूर ने किया और धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. सुशील शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया।

दिव्य हिमाचल 20-8-23

एक नजर

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों पर दिए टिप्स



शिमला। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस राजकीय महाविद्यालय संजौली के करियर काउंसिलिंग गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से कौशल एवं रणनीतियां करियर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। इसकी मुख्यातिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डाक्टर भारती भगाड़ा रहीं। संयोजक डाक्टर मीनाक्षी शर्मा ने विद्यार्थियों को करियर संबंधी तैयारियों के लिए उत्साहित किया। कार्यशाला में राजीव कुमार और दीपक बिजल्वान ने बतौर रिसोर्स पर्सन भाग लिया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी छात्रों को विस्तार से दी। कार्यशाला का संचालन डाक्टर गिरीश कपूर ने किया और धन्यवाद प्रस्ताव डाक्टर सुशील शर्मा ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सेल के सदस्य डाक्टर राजेन्द्र और डाक्टर सरोज नेगी भी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में लगभग 300 छात्रों ने भाग लिया।